**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

दिनांक : 30.06.3025 समय : 07.10AM

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज जल गंगा संवर्धन अभियान का करेंगे समापन।
- मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने बालाघाट में दीदी कैंटिन चलाने वाली सुमा उईके का किया उल्लेख।
- मुख्यमंत्री ने कहा-सूरत में आयोजित निवेशक सम्मेलन में 15 हजार करोड़ रूपये से अधिक के मिल निवेश प्रस्ताव।
- प्रदेश में बारिश का मौसम जारी। 13 जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट।

जल गंगा संवर्धन अभियान

प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान का आज समापन हो रहा है। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल शामिल होंगे और कार्यक्रम को संबोधित भी करेंगे।

खंडवा में होने वाले इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम और वॉटरशेड सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 1518 करोड़ रुपये से अधिक के जल संरक्षण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। 3 माह से जारी 'जल गंगा संवर्धन अभियान' में जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन पर लगातार कार्य किया गया। समापन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जल संसाधन विभाग की 4 सिंचाई परियोजनाओं का लोकार्पण भी करेंगे। अभियान के दौरान मनरेगा योजना के अंतर्गत खेत तालाब, अमृत सरोवर और कूप रिचार्ज पिट बनाने वाले प्रथम 10 जिलों में खंडवा, बालाघाट, रायसेन, उज्जैन, छिंदवाड़ा, बुरहानपुर, राजगढ़, अशोकनगर, बैतूल और मंडला शामिल हैं।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में कल प्रदेश के बालाघाट जिले की महिला उद्यमी, सुमा उईके का विशेष रूप से उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कटंगी विकासखंड के ग्राम भजियापार की रहने वाली सुमा उईके ने अपनी मेहनत, आत्मविश्वास और आजीविका मिशन की मदद से खुद को न सिर्फ आत्मनिर्भर बनाया, बल्कि अन्य महिलाओं को भी प्रेरित किया।

इस कार्यक्रम में जिक्र होने के बाद से पूरे बालाघाट में उत्साह का माहौल है।

सुमा उईके कभी सिर्फ अपने घर-गृहस्थी के कामों तक सीमित थीं, लेकिन आजीविका मिशन में 'आदिवासी आजीविका विकास स्व-सहायता समूह' का गठन कर उन्होंने ऑर्गेनिक मशरूम उत्पादन और पशुपालन का प्रशिक्षण प्राप्त किया। 2021 में उन्होंने 2000 रुपये की ऋण सहायता से मशरूम उत्पादन की शुरुआत की। बाद में कटंगी परिसर में 'दीदी कैंटीन' संचालन और थर्मल थैरेपी के क्षेत्र में उन्होंने प्रशिक्षण लेकर नया व्यवसाय प्रारंभ किया। आज उनकी मासिक आय 19,000 रुपये तक पहुंच गई है। आकाशवाणी से चर्चा करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार जताया है।

<u>खिवनी अभ्यारण्य</u>

जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह कल देवास जिले में खिवनी अभयारण्य को अतिक्रमण मुक्त कराये जाने से प्रभावित जनजातीय परिवारों से मिलने पहुंचे। उन्होंने पीड़ितों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि सरकार आपके साथ खड़ी है। शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आपको मिलेगा। मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि आर्थिक सहायता दी जा रही है जिससे फिर वह अपने घर बना सकेंगे। इस बीच मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देशानुसार प्रभावित परिवार को 6 माह की अतिरिक्त खादय् राहत सामग्री एवं सभी प्रभावित परिवार को 20 हजार रुपये की सहायता प्रदाय दी गई और उन्हें भोजन भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

<u>डिजिटल पता</u>

इंदौर शहर में प्रत्येक घर को यूनिक क्यूआर कोड आधारित डिजिटल पता देने के अभियान की शुरुआत की गयी। इसके साथ ही इंदौर देश का पहला ऐसा शहर बन गया है जो भारत सरकार के डिजीटल पोस्टल इंडेक्स नम्बर- डीजी पिन योजना से जुड़ा है।

<u>मुख्यमंत्री सूरत</u>

मध्यप्रदेश में निवेश आकर्षित करने के लिए कल गुजरात के सूरत में संवाद सत्र में निवेशकों से 15,710 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव हुए हैं। इससे 11,250 से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सम्मेलन में कहा कि औद्योगिक विकास को गति देने और निवेश प्रक्रिया को अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए मध्यप्रदेश औद्योगिक

विकास निगम का एक कार्यालय अहमदाबाद में आरंभ किया जाएगा। उन्होंने ने टेक्सटाइल, केमिकल, फार्मा, इंजीनियरिंग और जेम्स और ज्वैलरी सेक्टर के 18 से अधिक उद्योग प्रतिनिधियों और कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों से वन-टू-वन बैठक में विस्तृत चर्चा की।

अच्छी खबर -ग्वालियर-नमो ड्रोन दीदी योजना

भारत सरकार की नमो ड्रोन दीदी योजना ने ग्वालियर जिले की निधा अख्तर की जिंदगी बदल दी है। निधा अख्तर को  योजना के तहत इफको द्वारा ड्रोन उड़ाने का निःशुल्क प्रशिक्षण मिला और अब केन्द्रीय नागर विमानन मंत्रालय से ड्रोन पायलट का लायसेंस मिल गया है। इस बारे में अधिक जानकारी हमारे ग्वालियर संवाददाता से.

वीओ- नवीन श्रीवास्तव

वाइसकास्ट-1-  इन दिनों मोहना तथा आस-पास के गाँवों में  ड्रोन दीदी निधा की चर्चा सुर्खियों में है। ड्रोन तकनीक से नैनो उर्वरकों का छिड़काव का काम शुरू कर निधा कृषि क्षेत्र में एक नई क्रांति को आगे बढ़ा रही हैं। साथ ही इस काम के ज़रिए आत्मनिर्भर बनकर महिला सशक्तिकरण की इबारत लिख रही हैं।

वाइसकास्ट-2-  प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए निधा कहती हैं कि सरकार सही मायने में महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिये भरपूर अवसर प्रदान कर रही है। गौरतलब है कि संयुक्त राज्य अमेरिका के काउंसिल जनरल माइक हैंकी ने भी ड्रोन दीदी निधा अख्तर से मुलाकात कर फसलों में ड्रोन तकनीक से नैनो यूरिया व नैनो डीएपी छिड़काव के बारे में जानकारी ली। ग्वालियर से नवीन श्रीवास्तव।

मौसम

प्रदेश में सभी स्थानों पर बारिश जारी है। भोपाल, ग्वालियर, नर्मदापुरम, धार, खंडवा, रतलाम में कल तेज बारिश हुई। भोपाल में अब तक जून माह में सामान्य से एक इंच अधिक बारिश हो चुकी है। मौसम विभाग ने आज के लिए सीहोर, झाबुआ, धार, इंदौर, उज्जैन, देवास, शिवपुरी सहित 13 जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा अन्य जिलों में भी तेज बारिश हो सकती है।

समाचार संक्षेप में .....

- प्रदेश के जनजातीय ग्रामों में चलाए जा रहे धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का आज समापन हो रहा है। 15 दिन के इस अभियान में शिविर लगाकर लोगों को कई सुविधाए प्रदान की गई।
- सतना में नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी कल सोहावल में आयोजित बीज वितरण कार्यक्रम में शामिल हुई। कार्यक्रम में 329 कृषकों को बीज वितरित किये गये।
- पन्ना जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बृहस्पति कुंड में तीन युवक गहरे पानी से लापता हो गए। घटना के बाद पुलिस और बचाव दल की टीम तलाशी अभियान में लगी हुई है।
- शिवपुरी के विधायक देवेंद्र जैन ने कल ग्राम पंचायत बूढ़ीबरोद के ग्राम खेरोंना और गढ़ीबरोद में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना अंतर्गत लघु एवं सीमांत अनुसूचित जनजाति वर्ग के 100 कृषकों को उड़द मिनी किट वितरित किए।
- धार में मीसाबंदी स्वर्गीय भंवरलाल राजपुरोहित विचार मंच द्वारा कल आपातकाल की विभीषिका विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के मीसाबंदियों का सम्मान भी किया गया।

-------